# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

## ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर (FAQs)

## तथा

## सामान्य शंकाओं का समाधान

**प्रश्न 1** **मैं ऑनलाइन आवेदन किस तरह कर सकता हूँ।**

उत्तर सबसे पहले sso.rajasthan.gov.in वेबसाइट खोलें और स्वयं का पंजीकरण करें। SSO में Login करने के लिए यूजर id , पासवर्ड और पासवर्ड के नीचे दिए गए Captcha code को भरें। Login करने के पश्चात सिटीजन app (G2C) पर जाकर dceapp का चयन करें। Admission पेज पर इच्छित महाविद्यालय का चयन कर आवेदन पत्र भरें। आप ई–मित्र के माध्यम से भी फॉर्म भर सकते है।

**प्रश्न 2** **आवेदन के लिए मुझे आवश्यक जानकारी कहॉ उपलब्ध होगी।**

उत्तर HTE पोर्टल पर UG एडमिशन 2019 क्लिक करने पर एडमिशन पेज पर प्रवेश नीति, फार्म भरने के लिए स्टेप वाइज निर्देश, फॉर्म भरने के लिए वांछित दस्तावेज आदि उपलब्ध है। आप इनका अध्ययन कर निर्देशानुसार फॉर्म भरे।

**प्रश्न 3** **क्या में HTE पोर्टल पर कॉलेज चयन कर फॉर्म भर सकता हूँ।**

उत्तर फॉर्म भरने के निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर उसके अनुसार आवेदन करें। एडमिशन पेज पर ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु स्टेप–वाइज निर्देश दिए गए है।

**प्रश्न 4** **क्या आवेदन करने हेतु Single Sign On (SSO Id) आवश्यक है।**

उत्तर हॉ, यह आवश्यक है।

**प्रश्न 5** **मैं महिला अभ्यर्थी हूँ तथा मैनें वर्ष 2013 में RBSE से XII<sup>th</sup> कक्षा उत्तीर्ण की है। मुझे किस तरह ऑनलाईन आवेदन करना है ? क्या मुझ पर अंतराल का नियम लागू होता है ?**

उत्तर वर्ष 2017 से पूर्व अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी को ऑनलाईन आवेदन फार्म में "Basic details of qualifying exam" में "other" विकल्प का चयन कर समस्त प्रविष्टियों की स्वयं पूर्ति करते हुये अंकतालिका को अपलोड करना होगा। महिला अभ्यर्थियों पर अंतराल का नियम लागू नहीं होता है।

**प्रश्न 6** **क्या मैं एक से अधिक कॉलेज/पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकता हूं ?**

उत्तर जी हां, आप एक से अधिक राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं । इसके लिए आपको अलग–अलग कॉलेज/पाठ्यक्रमों के लिए अलग अलग प्रवेश फार्म भरना होगा।

**प्रश्न 7** **ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ क्या–क्या डॉक्यूमेन्ट अपलोड किये जाने हैं?**

उत्तर सभी आवेदकों के लिए रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, ब्लैक इन्क (काली स्याही) के पेन से किये गये हस्ताक्षर की स्केन की सॉफ्टकॉपी (केवल jpg/jpeg फॉर्मेट) अपलोड करनी होगी। यदि आप राजस्थान या केन्द्रीय बोर्ड के विकल्प के बजाय other विकल्प से आवेदन कर रहे हैं तो आपको अर्हकारी कक्षा की अंकतालिका की सॉफ्टकॉपी भी अपलोड करनी होगी। इनके अतिरिक्त जाति प्रमाण पत्र (SC,ST,OBC,MBC) आपने बोनस अंक, आरक्षण का लाभ आदि चाहा है तो तत्संबंधी मूल प्रमाण पत्रों की स्केन की हुई सॉफ्टकॉपी अपलोड करनी होगी, जिनकी सूची आपको आवेदन पत्र के अन्त में मिल जाएगी।

**प्रश्न 8** **मैंने राजस्थान बोर्ड से Additional Subject / पूरक विषयों में परीक्षा उत्तीर्ण की है, मुझे आवदेन प्रस्तुत करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनानी होगी ?**

उत्तर आप फॉर्म भरने के लिए "Other" विकल्प का चयन कर माध्यम से आवेदन करें तथा आपको अर्हकारी मुख्य तथा अतिरिक्त विषय उत्तीर्ण/पूरक परीक्षाओं की अंकतालिकाएं Upload करनी होगी।

**प्रश्न 9** **मेरा बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम रोका हुआ दर्शाया गया था लेकिन आवेदन पत्र भरने की निर्धारित तिथि तक मैने अपना परिणाम प्राप्त कर लिया हैं। मुझे आवेदन किस तरह करना हैं ?**

उत्तर आप आवेदन करते समय "Other" पर क्लिक करे तथा समस्त Personal Details, अर्हकारी परीक्षा का विवरण व शेष फार्म भरकर अंकतालिका की प्रति Upload करें।

**प्रश्न 10** **मैनें वर्ष 2018 में केवल पूरक परीक्षा के विषय में परीक्षा दी हैं? मुझे आवेदन पत्र किस तरह भरना हैं?**

उत्तर आप आवेदन करते समय Other पर क्लिक करे तथा समस्त Personal Details, अर्हकारी परीक्षा का विवरण व शेष फार्म भरकर दोनों (गतवर्ष एवं इस वर्ष की) अंक तालिकाओं की प्रति Upload करें।

**प्रश्न 11** **बोर्ड चयन, रोल नम्बर व नाम भरने के बाद स्वतः भरी हुई सूचनाओं या अंको में गलती पायी जाएं तो मैं सूचनाओं या अंकों को ठीक कैसे कर सकता हूं ?**

उत्तर आवेदन करते समय यदि आप स्वतः भरी हुई सूचनाओं से संतुष्ट नहीं है एवं जाति को छोड़कर यदि कोई और त्रुटि है तो Others विकल्प से आवेदन करें और यदि जाति में त्रुटि है तो उसमें संशोधन कर सकते है। Others विकल्प से आवेदन करने पर अंकतालिका upload करनी होगी।

**प्रश्न 12** **क्या ऑनलाइन आवेदन Submit करने के पश्चात् भरी गई गलत सूचना को संशोधित किया जा सकता है?**
उत्तर जी नहीं, आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी गयी सूचना को सबमिट "Submit" करने से पूर्व ही संशोधित कर सकता है।

**प्रश्न 13** **मैंने ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय भूलवश गलत सूचना भर दी है तथा आवेदन "Submit" हो चुका हैं। क्या मैं दूसरा आवेदन पत्र भर कर सही सूचना दे सकता हूं ?**
उत्तर यदि आवेदन की अन्तिम तिथि व्यतीत नहीं हुई है तो आप दूसरा आवेदन पत्र पूर्व में अपनाई गई प्रक्रिया के अनुसार भर सकते हैं। आपका नया आवेदन "Submit" करने पर आपके द्वारा पहले भरा गया आवेदन पत्र स्वतः निरस्त हो जावेगा। नया आवेदन नहीं भरें जाने की स्थिति में आप अपने सही दस्तावेज़ के साथ सम्बंधित महाविद्यालय में संपर्क करें।

**प्रश्न 14** **स्नातक पार्ट प्रथम कला में विषय समूह (Subject combination) चयन के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**
उत्तर महाविद्यालय के वेबपेज से स्नातक पार्ट प्रथम कला में विषय समूह की जानकारी प्राप्त करें। 5 से अधिक विषय समूह वाले महाविद्यालय में आप अपनी प्राथमिकता के अनुसार 5 विषय समूह चयनित कर सकते है। मेरिट के अनुसार आपको विषय समूह महाविद्यालय द्वारा आवंटित किया जावेगा।

**प्रश्न 15** **क्या ऑनलाइन आवेदन करते समय मेरे द्वारा इच्छित विषय समूह ही मुझे महाविद्यालय द्वारा आवंटित किया जायेगा?**
उत्तर जी नहीं, आवेदित महाविद्यालय में उपलब्ध विषय समूह में उपलब्ध स्थानों तथा मैरिट में आपके स्थान के अनुसार आंवटन होगा। विषय आवंटन का अंतिम निर्णय महाविद्यालय प्रवेश समिति/ प्रशासन द्वारा किया जावेगा।

**प्रश्न 16** **क्या ऑनलाइन आवेदन में चाही गयी विषय संयोजन संबधी प्राथमिकतायें भरना अनिवार्य है?**
उत्तर जी हां, प्रत्येक आवेदक को जहां विषय संयोजन 5 से अधिक है तो आवदेन पत्र में चाही गयी प्राथमिकतायें (न्यूनतम पांच) भरना अनिवार्य है । प्राथमिकता क्रम में आप अधिकतम 5 विषय संयोजन भर सकते है।

**प्रश्न 17** **आवेदन पत्र के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज के पीछे जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर हों तो क्या मुझे प्रमाण पत्र का अग्र और पृष्ठ भाग दोनों ओर से स्कैन (Scan) कर अपलोड करना है?**
उत्तर अग्र भाग एवं पृष्ठ भाग दोनों को स्कैन (Scan) कर एक ही फाइल (केवल jpg/jpeg फॉर्मेट) बनाकर अपलोड करने पर दस्तावेज मान्य होगा।

**प्रश्न 18** **क्या ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात मुझे भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिन्ट (हार्ड कॉपी) महाविद्यालय में जमा करानी है ?**
उत्तर जी नहीं, आपके द्वारा आवेदन पत्र ऑन लाइन भरने के बाद आपका आवेदन पत्र प्रवेश हेतु विचारार्थ स्वीकार कर लिया जावेगा । अतः आपको हार्ड कॉपी जमा कराने के लिए महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है।

**प्रश्न 19** **मेरा ऑन लाइन आवेदन पत्र कब भरा हुआ माना जायेगा ?**
उत्तर ऑनलाइन आवदेन पत्र में सही सूचनायें भरने के बाद सबमिट (Submit) विकल्प क्लिक करने के बाद आवेदन पत्र सबमिट (Submit) होने का संदेश दिखाई देगा और आपका फार्म आवेदन प्राप्ति संख्या (Application ID) सृजित होने पर ही भरा हुआ माना जायेगा। आपके द्वारा दिये गए मोबाइल नम्बर पर (SMS) द्वारा आपको संदेश प्राप्त होगा।

**प्रश्न 20** **क्या मैं ऑनलाईन आवेदन के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से भी आवेदन फॉर्म भर सकता हूं ?**
उत्तर नहीं, आपको केवल ऑनलाईन ही आवेदन करना होगा।

**प्रश्न 21** **मैंने ITI कोर्स उत्तीर्ण किया है। क्या मैं स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश ले सकता हूँ ?**
उत्तर जी हां, यदि आपने 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् नेशनल काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग (NCVT) से मान्यता प्राप्त संस्थान से दो वर्षीय ITI कोर्स उत्तीर्ण किया है तथा ITI कोर्स उत्तीर्ण वर्ष में या उसके पश्चात् RBSE या RSOS से अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो आप स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश हेतु ITI with English कोर्स पर क्लिक कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

**प्रश्न 22** **मैंने पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण किया है। क्या मैं स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश ले सकता हूँ ?**
उत्तर जी हां, यदि आपने 10वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात् AICTE से मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण किया है तो आप स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश हेतु Polytechnic Diploma कोर्स पर क्लिक कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

**प्रश्न 23** **मैंने 2018 में वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (VMOU) से प्रिपरेटरी कोर्स उत्तीर्ण किया है। क्या मैं स्नातक पार्ट प्रथम में प्रवेश ले सकता हूँ ?**
उत्तर जी हां, यदि आपने 2018 में पांच विषयों के साथ प्रिपरेटरी कोर्स उत्तीर्ण किया है तो आप उसी संकाय में आवेदन कर सकते हैं जिसमें आपने प्रिपेरेटरी कोर्स उत्तीर्ण किया है।

**प्रश्न 24** **ऑनलाइन आवेदन करते समय आने वाली आवेदन संबंधी समस्याओं के लिये कहां सम्पर्क किया जा सकता है ?**
उत्तर महाविद्यालय की वेबसाइट से हैल्प डेस्क का नम्बर प्राप्त कर अपनी शंकाओं का निवारण करें। आयुक्तालय से संबन्धित समस्या हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा में स्थापित हैल्प डेस्क नंबर 0141-2706106 / 8890109999 से सम्पर्क किया जा सकता है।

**प्रश्न 25** **मुझे सीनियर सेकण्डरी की परीक्षा में पूरक घोषित किया गया है। क्या मैं प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकता हूँ ?**

उत्तर जी हां, यदि आप प्रवेश नीति 2017–18 के अनुरुप पात्रता पूरी करते हैं, तो आप प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं।

**प्रश्न 26** **दिव्यांग केटेगरी (PH) का लाभ कब मिलेगा?**

उत्तर यदि विकलांगता 40 प्रतिशत से अधिक है तो नियमानुसार लाभ देय होगा । इस हेतु सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र अपलोड किया जाना आवश्यक है।

**प्रश्न 27** **मेरिट लिस्ट देखने के लिए क्या करना होगा ?**

उत्तर प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां home page पर प्रदर्शित रहेंगी। अन्तरिम प्रवेश सूची में आपका नाम आने पर आपके द्वारा दिए गए मोबाइल पर आपको संदेश(एस.एम.एस.) प्राप्त होगा, यह केवल सुविधा है इस हेतु महाविद्यालय में संपर्क करें। मेरिट लिस्ट जारी होने की तिथि को आप संबन्धित महाविद्यालय में या उसके वेबपेज पर अन्तरिम मेरिट लिस्ट देख सकते हैं। मेरिट सूची में नाम होने पर आप इंटरनेट से अपना 'एप्लीकेशन आईडी' डालकर मेरिट में अपनी स्थिति देख सकते हैं।

**प्रश्न 28** **मेरिट लिस्ट में नाम आ जाने पर मुझे क्या करना होगा ?**

उत्तर एडमिशन होम पेज पर उपलब्ध बधाई पत्र का प्रिंट लें एवं सत्यापन प्रपत्र में वर्णित समस्त मूल दस्तावेज व उनकी स्वप्रमाणित प्रतियां लेकर निर्धारित तिथियों में संबंधित महाविद्यालय में व्यक्तिशः उपस्थित होकर जांच करानी है तत्पश्चात ई–मित्र पर प्रवेश शुल्क जमा कराना है। छात्र अपनी सुविधा के लिए शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि से पूर्व सम्बंधित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु संपर्क करें।

**प्रश्न 29** **अंतिम रूप से प्रवेश होने की जानकारी कहां प्राप्त होगी ?**

उत्तर फीस जमा कराने की अंतिम तिथि के बाद महाविद्यालय के वेब पोर्टल पर उपलब्ध एडमिशन पेज/ महाविद्यालय सूचना पट्ट पर प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रदर्शित सूची में अपना नाम देखें।

**प्रश्न 30** **क्या एडमिशन फार्म भरना मेरे प्रवेश की गारन्टी है ?**

उत्तर नहीं, निर्धारित सीटों के लिए प्रवेश नीति के अनुसार जारी मेरिट में आपका स्थान होने तथा निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा होने पर ही आप प्रवेश ले पायेंगे।

**प्रश्न 31** **यदि मेरा नाम मेरिट लिस्ट में नहीं आता है तो मुझे क्या करना होगा ?**

उत्तर आप संबंधित महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड/वेब पोर्टल hte.rajasthan.gov.in पर महाविद्यालय के एडमिशन वेबपेज देखते रहे व अद्यतन की गयी सूचनाओं से प्रवेश की स्थिति जानकर निर्णय करें।

**प्रश्न 32** **मुझे पार्ट ।।/पार्ट ।।। में प्रवेश नवीनीकरण के लिए क्या करना है।**

उत्तर आपके महाविद्यालय में निर्धारित अवधि में आय प्रमाण –पत्र तथा OBC/MBC वर्ग का होने का नॉन–क्रीमीलेयर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करे। महाविद्यालय द्वारा ई–मित्र पर डाटा पोस्ट करने पर प्रथम वर्ष की application ID से आपकी फीस ई–मित्र पर जमा होगी। परीक्षा परिणाम की प्रतीक्षा किये बिना आप निर्धारित तिथि तक फीस जमा करवा दे।

**प्रश्न 33** **यदि मै गत वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता हूँ तो मेरे द्वारा जमा फीस का क्या होगा।**

उत्तर आप अनुत्तीर्ण घोषित होते है तो आपको फीस वापस लौटायी जायेगी। इस सत्र के लिए आप नियमित विद्यार्थी नहीं रहेंगे।

**प्रश्न 34** **प्रवेश नवीनीकरण की उक्त प्रक्रिया स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध पाठ्यक्रमों के लिए भी है।**

उत्तर जी हॉ । आप तिथियों की जानकारी के लिए महाविद्यालय की संपर्क में रहे साथ ही विभाग की वेबसाइट http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/Circulars.php में प्रवेश सम्बंधी सूचनायें देखें।

**प्रश्न 35** **क्या ऑनलाइन प्रक्रिया स्नातकोत्तर स्तर पर भी लागू है ?**

उत्तर जी हां, स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के प्रवेश भी राजकीय महाविद्यालयों में सत्र 2016–17 से ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया द्वारा सम्पादित हो रहे है।

**प्रश्न 36** **क्या महाविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के स्ववित्तपोषी पाठ्यक्रमों के लिये भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है ?**

उत्तर जी हां, यह सुविधा सभी स्नातक/ स्नातकोत्तर स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों के लिये लागू है। इस हेतु महाविद्यालय के वेबपेज पर उपलब्ध विवरणिका को ध्यानपूर्वक पढ लें ।